**भारतीय खेल प्राधिकरण**

**द्वार सं.10 (पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम**

**लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003**

फा.सं.भाखेप्रा/कार्मिक/2397/2021/भर्ती/प्रतिनियुक्ति/159 दिनांक 07.08.2023

**विषयः भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली में 3 वर्ष की अवधि के लिए अल्पावधि संविदा सहित 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैट्रिक्स स्तर-12 (78800-209200 रुपए) में 09 निदेशक रिक्त पदों को भरने के संबंध।**

भाखेप्रा, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (यु.का.खे.मं.) के तहत सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत स्वायत्त संगठन है, जो देश में खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन के लिए कार्यरत है। भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्य कार्यालय नई दिल्ली सहित इसकी विभिन्न फील्ड ईकाइयों में निदेशक के पद पर उपयुक्त अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु, वेतन मैट्रिक्स स्तर -12 (78800-209200 रुपए) में 3 वर्ष की अवधि के लिए, अल्पावधि संविदा को अधिकतम 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। पद का विवरण, योग्यता मानदंड, कार्य अपेक्षाएं, आयु सीमा, योग्यता एवं अनुभव **अनुबंध-1** में दर्शाया गया है। प्रतिनियुक्ति के वेतन एवं अन्य नियमों तथा शर्तों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था.(वेतन-I) दिनांक 17.06.2010, समय समय पर संशोधन के अनुसार विनियमित किए जाएंगे। उम्मीदवार अग्रिम प्रति, निदेशक (भर्ती) के कार्यालय, कमरा नं. 210, भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्य कार्यालय, द्वार संख्या 10 (पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003 को 07.09.2023 **पूर्वा.11.00 बजे** तक या इसके पहले भेज सकते हैं। तथापि, उनकी उम्मीदवारी, मूल कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, सतर्कता अनापत्ति, वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट की प्राप्ति के अधीन होगी। आवेदन पत्र/ आत्मवृत्त प्रोफार्मा अनुबंध -II और अन्य विवरण की जानकारी के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आप **08.08.2023 पूर्वा.11 बजे** से भाखेप्रा वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर देखे / डाउनलोड करें।

**आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाने वाले अनिवार्य दस्तावेजों की सूची**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र - उम्मीदवार द्वारा अनुबंध- II में भर कर विधिवत हस्ताक्षरित एवं संवर्ग/नियुक्ति प्राधिकरी द्वारा सील सहित प्रतिहस्ताक्षित होनी चाहिए।
2. पिछले 5 (पांच) वर्षों की वा.गो.रि./वा.का.नि.रि. की सत्यापित प्रतियां प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक अधिकारी द्वारा मोहर सहित विधिवत रूप से सत्यापित होनी चाहिए।
3. सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र
4. सतर्कता अनापत्ति
5. उनकी पिछले 5 वर्षों की सेवा के दौरान कोई प्रमुख या मामूली दंड प्रमाण पत्र
6. इस आशय का प्रमाण पत्र जो उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत विवरणों को सत्यापित किया गया और सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सही पाया गया है।
7. संवर्ग अनुमति प्रमाण पत्र

सी. रुद्रपाणि
07/08/2023

(निदेशक)
भर्ती
भारतीय खेल प्राधिकरण
मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली

<u>अनुबंध -I</u>

**वेतन मैट्रिक्स स्तर- 12 (78800-209200 रुपए) में नौ (09) निदेशक पदों को अल्प अवधि संविदा सहित प्रतिनियुक्ति पर। पदों की संख्या अनंतिम है।**

**भर्ती प्रणालीः** अल्प अवधि संविदा सहित प्रतिनियुक्ति
**वेतन मैट्रिक्स स्तर - 12 (78800-209200 रुपए)**

<u>पात्रता के मानदंड</u>

केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्रों प्रशासनिक (उनके संबद्ध या अधीनस्थ अधिकारी को शामिल करके)/ सार्वजनिक उपक्रमों / स्वायत्त या सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी जिसका प्रशासन / खेल प्रबंधन में अनुभव सहित अधिमान्यः

i. अपने मूल संवर्ग /विभाग में अनुरूप पद

**या**

ii. अधिकारी ने स्तर- 11 (67700-208700 रुपए) में कम से कम 5 वर्ष की नियमित सेवा की हो

**वांछनीय अनुभवः**

प्रशासनिक मामले/खेल प्रशासन को निपटाने में 03 वर्ष का अनुभव

**या**

वित्त एवं लेखा मामले निपटाने में 03 वर्ष का अनुभव

**कार्य की प्रकृतिः**

- निदेशक से भाखेप्रा की विभिन्न पहलुओं को फील्ड में नेतृत्व करने की उम्मीद की जाती है।
- वह राज्य सरकार के साथ समन्वयन के लिए नोडल बिन्दु होंगे।

**टिप्पणी 1:** फीडर ग्रेड में विभागीय अधिकारी जो सीधी पदोन्नति की लाइन में हैं, उनको प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति करने के लिए विचार करने हेतु पात्र नहीं होंगे। इसी तरह, प्रतिनियुक्त को नियुक्ति, आमेलन या पदोन्नति के लिए विचार करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पणी 2:** केन्द्र सरकार के उसी संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले अन्य पूर्व संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**टिप्पणी 3:** प्रतिनियुक्ति के वेतन एवं अन्य नियमों तथा शर्तों को डीओपीटी के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था. (वेतन-I) दिनांक 17.06.2010, समय समय पर संशोधन के अनुसार विनियमित किए जाएंगे।

**टिप्पणी 4:** पात्र उम्मीदवारों का पैनल 31.08.2024 तक की अवधि के लिए उपलब्ध किया जाएगा।

**टिप्पणी 5:** इन पदों का अखिल भारतीय स्थानांतरण के उत्तरदायी है।

****

सी. दण्डपाणि
07/08/2023